卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 248 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦15 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कैंची धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

भवाली (उद संवाददाता)। विश्व विख्यात कैंची धाम के 59वां स्थापना दिवस पर नीम करोली बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने रात भर हनुमान चालीसा का पाठ किया। गुरुवार सुबह दो बजे से मंदिर में भक्तों की कतार लग गयी। बाबा के के बाद कैंची मंदिर के द्वार खोलने के साथ श्रद्धालुओं को मालपुओं का प्रसाद बांटना शुरू किया गया। सुबह 7.30 बजे तीन व्यवस्थित करने में जुटी रही। कुमाऊं आईजी नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी पंकज भट्ट, एस पी सिटी हरबंश सिंह,





आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। बुधवार शाम से ही श्रद्धालु धाम में पहुंचना शुरू हो गये। देश के कोने-कोने से पहुंचे जयकारों से कैंची धाम गूंज उठा। कैंची धाम में सुबह 5 बजे पूजा अर्चना हुई और बाबा नीम करौली महाराज को भोग लगाने किमी दूर तक श्रद्धालुओं की कतार पहुंच गई। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख पुलिस प्रशासन की टीम भीड़ को मेला प्रभारी उमेश मलिक, कौश्या कटोली एसडीएम परितोष वर्मा, एसडीएम योगेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुरोला छावनी में तब्दील,व्यापारी और हिंदू संगठनों को रास्ते में रोका

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। महापंचायत रोकने को प्रशासन ने पुरोला को छावनी में तब्दील कर दिया। पुरोला तहसील क्षेत्र में धारा-144 लागू है। वहीं बृहस्पतिवार को नगरपालिका क्षेत्र, बड़कोट, नौगांव में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। उत्तरकाशी जिले की सीमाएं सील की गयी हैं, ड्रोन से भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उधर, व्यापारी और हिन्दू संगठनो से जुड़े लोगों को पुलिस ने नौगांव



से एक किमी आगे रोक दिया। कूच की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी बड़कोट जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंच चुके थे। पुलिस ने सभी को रोक दिया गया जबकि व्यापारी और हिन्दू संगठनों के लोग पुरोला जाने के (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## मुआवजे के लिए कोतवाली के बाहर जोरदार प्रदर्शन

किच्छा (उद संवाददाता)। सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद मुआवजे के लिए आजादनगर के लोगों ने लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। बता दें बुधवार को वार्ड नंबर दो आजादनगर निवासी 22 वर्षीय सुरेश गैला बाइक सवार सुरेश की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर भागने की कोशिश कर रहा था।




कोतवाली के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों को शांत करने में जुटे रहे पुत्र दुलाल गैला की बाइक को श्मशान घाट से सुभाष नगर जाने वाले मार्ग पर मिट्टी से भरे डंपर ने टक्कर मार दी। जिस पर सुभाष नगर के लोगों ने सड़क पर उतरकर डंपर को घेर लिया। गुस्साई भीड़ ने डंपर चालक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## लकड़ी का गोदाम बना आग का गोला,लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर मार्ग दक्ष चौराहा के पास बगवाड़ा रोड पर हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के चार वाहनों ने घंटों की कस्तूरी वाटिका के सामने जय सच्चिदानंद ट्रेडर्स नाम से पुरानी एवं नई




कस्तूरी वाटिका के सामने स्थित लकड़ी के गोदाम में लगी आग में लाखों रूपये की लकड़ी व अन्य सामान जल कर राख मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी अनुसार ग्राम फुलसुंगी निवासी जगदीश कालड़ा दक्ष चौराहा रोड़ पर लकड़ी की खरीद व बिक्री का कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि गत रात्रि करीब 12 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा शासन में महिलाएं हुई असुरक्षितः ज्योति

### महिला कांग्रेस के सम्मेलन में दिखी ताकत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार में महिलाएं पूरी तरह से असुरक्षित हो गई हैं। देश का भविष्य निर्धारित करने एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूति प्रदान करने में महिलाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गई है। इसलिए महिलाओं को पारिवारिक कार्यो के साथ ही पार्टी के लिए आगे आने की जरूरत है। यह बात महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने आज यहां महिला कांग्रेस के आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि (शेष पृष्ठ सात पर)





## दिनदहाड़े हुई लूट का खुलासा तीन सगे भाई किये गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर के बीचों-बीच महिला से दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट का पुलिस टीम ने खुलासा करते हुए तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की सोने की चेन व पर्स बरामद कर लिया। ज्ञातव्य है कि बीते 8 जून की शाम लगभग 7 बजे वैशाली कॉलोनी थाना आईटीआई निवासी हरकेश सिंह की पत्नी



शीला देवी एमपी चौक से होते हुए वापस घर जा रही थी इसी दौरान रोडवेज बस स्टैंड के समीप अचानक तीन अज्ञात बदमाशों ने महिला से (शेष पृष्ठ सात पर)

# बाबा नीब करौरी के जयकारों से गुंजायमान हुआ कैंची धाम

## रात दो बजे से लगी कतारें,यातायात व्यवस्थाओं में डटे रहे आईजी नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी पंकज भट्ट

नैनीताल(उद ब्यूरो)। किस्मत बदलने वाले बाबा नीब करौली महाराज के कैंची धाम के स्थापना दिवस पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह करीब सवा पांच बजे मंदिर गेट खुलते ही मंदिर के भीतर बाबा के अनुयायियों का तांता लग गया। बाबा को भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरित शुरू किया गया। देर रात से ही मंदिर परिसर से बाहर श्रद्धालुओं की आमद शुरू हो गई थी। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुँचना जारी है। मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट समेत तमाम भक्त जुटे पड़े है।कैंची धाम के स्थापना दिवस को लेकर बीते एक माह से तैयारियां जोरों पर है। भीतर मंदिर ट्रस्ट तो बाहर प्रशासन और पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए है। बुधवार देर रात से ही धाम में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।मंदिर प्रबंधन द्वारा सुबह चार बजे मंदिर गेट खोलने का निर्णय लिया था। इससे पूर्व ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर गेट बाहर कतारबद्ध हो गए। प्रसाद भोग नहीं लगने के कारण मंदिर गेट करीब डेढ़ घंटे की देरी से खोला गया।गेट खुलने के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर समिति की ओर से शंखनाद कर पूजा अर्चना के बाद बाबा को भोग लगाया गया। परिसर में स्थित वैष्णवी देवी, विंध्यवासिनी, हनुमान, सिद्धि माई समेत अन्य देवताओं को भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया। मंदिर गेट के दोनों ओर करीब एक-एक किमी लंबी कतार लगी रही। व्यवस्था बनाने में एएसपी पंकज भट्ट, मेला अधिकारी एसडीएम परितोष वर्मा, एसपी जगदीश चंद्रा समेत भारी पुलिस बल जुटा हुआ है। वहीं आईजी नीलेश आनंद भरणे और एसएसपी पंकज भट्ट ने कैंची धाम स्थापना दिवस के सकुशल और सुरक्षित आयोजन के लिए लिया संपूर्ण सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया । आयोजन स्थल समेत सभी निकटवर्ती स्थलों में बीडीएस, स्वान दल, इंटेलिजेंस, एसओजी, सीसीटीवी, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम तथा थाना पुलिस व यातायात पुलिस बलों को लगाकर की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई है। आज गुरुवार सुबह दो बजे से मंदिर में भक्तों की कतार लगी हुई है। बाबा के जयकारों के साथ कैंची धाम गूंज उठा। कैंची धाम में सुबह 5 बजे पूजा अर्चना के बाद बाबा नीम करौली महाराज को भोग लगाने के बाद कैंची मंदिर के द्वार खोलने के साथ श्रद्धालुओं को मालपुओं का प्रसाद बांटना शुरू किया गया। सुबह 7.30 बजे तीन किमी दूर तक श्रद्धालुओं की कतार पहुंच गई। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख पुलिस प्रशासन की टीम भीड़ को व्यवस्थित करने में जुटी रही। कुमाऊं आईजी नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी पंकज भट्ट, एस पी सिटी हरबंश सिंह, मेला प्रभारी उमेश मलिक, कौश्या कटोली एसडीएम परितोष वर्मा, एसडीएम योगेश सिंह मेहरा सुबह 7 बजे से ही मंदिर में मेले को व्यवस्थित करने में लगे रहे। साथ ही श्रद्धालुओं की कतार को व्यवस्थित करने के लिए वॉलिंटियर की टीम भी लगी रही। श्रद्धालु हनुमान चालीसा के पाठ के साथ बाबा के जयकारों के साथ बारी-बारी से मंदिर परिसर में प्रवेश करने के साथ बाबा के दर्शन के साथ प्रसाद लेकर पिछले द्वार से वापस लौटते रहे।पुलिस प्रशासन की ओर से भवाली से ही श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं क्वारब से श्रद्धालुओं को पनीराम ढाबे के पास शटल सेवा से छोड़ा जा रहा है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति की ओर से 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। बुधवार को सुबह से शाम तक मंदिर के अंदर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालु बाबा के जयकारों के साथ दर्शन करते रहे। साथ ही सड़क किनारे खड़े होकर श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर बाबा का आशीर्वाद लिया। श्रद्धालु बृहस्पतिवार को बाबा के दर्शन और प्रसाद के लिए रात भर खुले आसमान और टेंट में आराम करते नजर आए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही से चहल- पहल रही। इससे स्थानीय पर्यटन कारोबारी और व्यापारी भी खुश नजर आए।










# मेरीनो भेड़ों के पालन को बढ़ाने के प्रस्ताव पर गम्भीरता से कार्य करने के दिये निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में गन्ना विकास, पशुपालन, डेयरी विकास तथा मत्स्य विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट किया कि उक्त विभाग योजनाओं का समयबद्धता के साथ प्रभावी क्रियान्वयन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में मेरीनो भेड़ पालन को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही ऑस्ट्रेलियन ब्रीडर से एक एमओयू किया जा रहा है। उन्होंने विभागों को प्रदेश की आर्थिकी में सुधार के उद्देश्य से अन्य प्रदेशों से आयातित दूध व दुग्ध पदार्थों आदि की निर्भरता को कम करने का लक्ष्य दिया। मुख्यमंत्री ने डेयरी विकास विभाग को राज्य में डेयरी विकास को प्रोत्साहित करने हेतु डेयरी विकास में सफल अन्य राज्यों के अध्ययन के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पशुपालन विभाग को राज्य में मेरीनो भेड़ों के पालन को बढ़ाने के प्रस्ताव पर गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। गन्ना विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चीनी मिलों को ऑपरेशन प्रोफिट में लाने के लिए अधिकारियों को प्रोएक्टिव मोड पर कार्य करना होगा। निर्देश दिए कि राज्य में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुन्दरम, डॉ. बी.वी.आर.एस. पुरूषोत्तम तथा सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।




# सड़क निर्माण को लेकर टकराव की स्थिति

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के वार्ड नंबर 12में रोड निर्माण को लेकर ठेकेदार एवं वार्ड वासियों मे सड़क निर्माण को लेकर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जहां वार्डवासी सी सी रोड निर्माण की मांग पर अड़े हैं तो ठेकेदार टाइल्स रोड बनाने में लगा हुआ है। प्रकरण को लेकर तमाम वार्ड के लोगों ने पालिकाअध्यक्ष से कार्य रोकने की मांग की। पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली ने मामले का संज्ञान लेते हुए ठेकेदार को अग्रिम आदेश तक नगर पालिका द्वारा दिए गए कार्य को रोकने का आदेश जारी कर दिया है। मामले की जानकारी लेने पर वार्ड वासियों ने बताया की वार्ड नंबर 12 में आजाद द्वार से लेकर सिरोली होते हुए सुरेंद्र पंप तक पूर्व में सी सी रोड का ही निर्माण किया गया है।किंतु वर्तमान में ठेकेदार टाइल्स रोड बना रहा है। यह कार्य जिला योजना के तहत किया जा रहा है।इस रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक है जो कि टाइल्स रोड सहन नही कर पाएगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आजाद द्वार से लेकर कब्रिस्तान तक सी सी रोड का निर्माण हुआ है तथा सुरेंद्रा पंप से लेकर लगभग आधा किलोमीटर भी सी सी रोड है फिर शेष टुकड़े मे सी सी रोड की जगह टाइल्स रोड बनाना का मकसद क्या है। बहरहाल नगर पालिका एवं जिला योजना के फंदे में वार्ड वासी उलझ कर रह गए है। तमाम फरियादों के बाद नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली ने अपने यहां से कराए जा रहे कार्य पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है।अब जिला योजना कार्यालय क्या कर्यवाही करता है।किंतु इस रोड को लेकर वार्ड वासी एवं टेकेदार कई बार आमने सामने आ चुके हैं। पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देने वालों मै मुख्य रूप राशिद, नसीम, अख्तर, अलिस्ता तसीम अहमद, आदि लोग मौजूद थे।



# शशांक ने नीट परीक्षा में प्राप्त की सफलता, बनेगा डॉक्टर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिले के काफलीगैर तहसील के नन्दीगांव में उपाध्य्याय परिवार जिले के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सबसे अधिक टॉपरो की सूची में आने वाले प्रतिभावान छात्रों का गांव है, गांव में कई होनहार देश की प्रतिष्टित संस्थाओं में भी कार्य कर रहे हैं, वही गांव में एक होनहार ने अपने डॉक्टर बनने के सपने को साकार किया है, नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। नन्दीगांव के शशांक उपाध्याय ने 651अंक प्राप्त कर एमबीबीएस बनने का सपना पूरा किया है, वही शुरू से ही शशांक को विशेषज्ञ चिकित्सक बनने की तमन्ना थी, शिक्षक परिवार से ताल्लुक रखने वाले शशांक के दादा ईश्वरी दत्त उपाध्याय भूतपूर्व शिक्षक है, जबकि पिता उमाकांत उपाध्याय भी राजकीय शिक्षक है और माता गृहणी है, वह पूर्व प्रधान भी रही है,दादा की प्रेरणा से उन्हें बचपन से ही एक डॉक्टर बनाने की शौक को पोते ने सार्थक किया है, वही बेटे की सफलता से क्षेत्रीयजनों और ग्रामीणों में खुशी की लहर है।शशांक ने अपनी सफलता के लिए माता पिता दादा दादी, बुआ फूफा, और कोचिंग टीचर को सफलता का श्रेय बुआ उमा जोशी, फूफा भुबन जोशी एवं शिक्षक तुषार पंत को श्रेय दिया है।पहली बार गांव क्षेत्र से नीट परीक्षा में होनहार की सफलता पाने पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी हैं।



# नगर पंचायत का सफाई अभियान जारी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। स्वच्छता सप्ताह के दूसरे दिन नगर पंचायत व व्यापार मण्डल की टीम ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत शक्तिगढ़ के वार्ड नंबर 3 में सफाई अभियान चलाया साथ ही अतिक्रमण भी हटाया गया। इस दौरान लोगों सफाई के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया । इस मौके पर अध्यक्ष सुनील विश्वास एवं अधिशासी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा कोहली,ब्रांड एम्बेसेडर श्रीमती गीता सरकार, ब्रांड एम्बेसेडर गोविन्द पोखरिया, सभासद कार्तिक सुतार, उपेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती लिलीमा मजुमदार, गोविन्द सरकार, श्रीमती शीला पोद्दार, देवाशीष पोद्दार,रबीन्द्रनाथ मजुमदार, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विक्की मंडल एवं व्यापार मंडल सदस्य तथा महिला समूह के सदस्य श्रीमती विमला देवी, श्रीमती पूनम अग्रवाल, कर्मचारी नेहा चौहान, विधान, विपुल, अंकित, रेखा, विशाल, सुखदेव, पर्यावरण मित्र अमर पाल, सन्नी, करन, रितेश, मोहित, आशीष, रिंकू आदि मौजूद रहे।




# 69 पाउच अवैध कच्ची शराब समेत एक और तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब की कसीदगी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 23 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में नशे के खिलाफ चलाए अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने ब्रह्म नगर क्षेत्र में कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त ब्रह्मनगर कुंडेश्वरी निवासी सुखबीर सिंह पुत्र जयसिंह नामक तस्कर को 69 पाउच (23 लीटर) अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई। पुलिस की इस कार्यवाही से कच्ची शराब के कारोबारियों में खासा हड़कंप देखा जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष देवरानी, कांस्टेबल कुलदीप, मुकेश कुमार , दीवान गिरी शामिल रहे।



# दोस्त ने की हत्या, हाथ पैर बांधकर गड्ढे में दफनाया

## नौ दिन से लापता था प्रेम सिंह , एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर के मदनापुर गांव से नौ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक को उसके दोस्तों ने शराब के नशे में हुए विवाद में गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं एक आरोपी के घर के बाहर गड्ढा खोदकर उसमें शव को दबा दिया। सूचना पर पुलिस ने सीओ और नायब तहसीलदार की मौजूदगी में आरोपी की निशानदेही पर गड्ढा खुदवाकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए रुद्रपुर भिजवा दिया। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। दिनेशपुर के मदनापुर का रहने वाला प्रेम सिंह खड़ायत (23) पांच जून से घर से लापता हो गया। परिजनों में उसकी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। प्रेम सिंह के भाई चंदन सिंह ने दिनेशपुर थाने में तहरीर सौंपकर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर प्रेम की तलाश शुरू कर दी थी। जांच में पता चला कि अंतिम बार प्रेम सिंह अपने दोस्त हर्ष चौधरी और गदरपुर के ग्राम सूरजपुर नंबर एक निवासी जंग बहादुर के साथ देखा गया था। दिनेशपुर पुलिस ने हर्ष चौधरी और जंग बहादुर के घर पर दबिश दी तो दोनों वहां नहीं थे। इस पर गदरपुर पुलिस से संपर्क किया गया। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर महतोष चौकी प्रभारी ओम प्रकाश ने टीम के साथ जंग बहादुर को उसके घर से दबोच लिया। पुलिस ने जंग बहादुर के घर से हर्ष चौधरी की बाइक भी बरामद की। पूछताछ में जंग बहादुर ने बताया कि वह हर्ष चौधरी के साथ बस्ती यूपी चला गया था। जंग बहादुर ने पुलिस को बताया कि वह हर्ष चौधरी और प्रेम सिंह के साथ आईटीआई दिनेशपुर से प्रशिक्षण ले रहा था। पांच जून की रात तीनों ने केलाखेड़ा में शराब पीने के साथ ही एक ढाबे में खाना खाया। इस दौरान उनका प्रेम से विवाद



हो गया था। इस पर उन्होंने गला दबाकर प्रेम की हत्या कर दी थी और शव को बाइक से गदरपुर लाकर जंग बहादुर के घर पर छिपा दिया था। अगले दिन उसने अपने घर के आगे सड़क किनारे गड्ढा खोदा और प्रेम के शव को उसमें दबा दिया। जंग बहादुर की निशानदेही पर दिनेशपुर थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय और थानाध्यक्ष गदरपुर राजेश पांडेय भारी पुलिस फोर्स के साथ ग्राम सूरजपुर नंबर एक पहुंचे। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी और नायब तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट की मौजूदगी में मजदूरों की मदद से जंग बहादुर के घर के बाहर सड़क के किनारे जमीन खुदवाई। करीब चार फुट तक खुदाई करने के बाद पुलिस को प्रेम सिंह का शव मिल गया। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि घटना में हर्ष चौधरी नामक युवक का नाम भी प्रकाश में आया है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि हत्या कब और कैसे हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। जंग बहादुर और हर्ष चौधरी ने घर के सामने सड़क के किनारे गड्ढा खोदकर प्रेम सिंह के शव को दबा दिया। इसे देखकर जंग बहादुर के पड़ोसी और ग्रामीण हैरान हैं। मुख्य मार्ग से सूरजपुर नंबर एक होकर केशव गढ़ को जाने वाला यह मार्ग अति व्यस्त रहता है। जंग बहादुर जब घर के बाहर गड्ढे की खोदाई कर रहा था, तब कुछ लोगों ने उससे कारण पूछा था। इस पर उसने सहजता से पेयजल कनेक्शन लगाने के लिए गड्ढा खोदने की बात कही थी। बुधवार को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में गड्ढे की खोदाई की गई और उसमें दबे प्रेम सिंह के शव को बाहर निकाला गया तो ग्रामीणों को जंग बहादुर के चेहरे के पीछे छिपी हैवानियत का पता चला। बताया गया कि प्रेम सिंह को हाथ और पैर से बांधकर औंधे मुंह ही गड्ढे में धकेल कर दबा दिया गया था। शव गल जाए, गड्ढे में नमक भी डाला गया था। पुलिस के हत्थे चढ़ा जंग बहादुर प्रेम सिंह खड़ायत से हुए झगड़े की वजह नहीं बता पाया। उसने केवल शराब के नशे में झगड़ा होने की बात कही है लेकिन झगड़े में हत्या करने के पीछे कोई खास वजह होना बताया जा रहा है। इसके बाद अब पुलिस मामले में फरार हर्ष की तलाश में जुटी है। पुलिस को उम्मीद है कि हर्ष से पूछताछ में हत्या की वजह साफ हो सकेगी।

## हरिद्वार के लिए निकला व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। गंगा दशहरा पर स्नान के लिए घर से हरिद्वार के लिए निकला एक व्यक्ति बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताया जा रहा है।



परिजनों द्वारा मामले की सूचना काशीपुर पुलिस को दी गई है लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी गायब व्यक्ति का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका। पुलिस को दी तहरीर में काली मंदिर के समीप मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सुमित वर्मा ने बताया कि उसकी 55 वर्षीय पिता हरिओम वर्मा की मानसी की स्थित पिछले कुछ समय से ठीक नहीं है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 29 मई की शाम लगभग 5:30 बजे उसके पिता घर से हरिद्वार के लिए निकले लेकिन आज तक वापस घर नहीं लौटे। इस दौरान सुमित ने हरिद्वार पहुंचकर तमाम संभावित स्थानों पर पिता की तलाश किया लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। मामले की तहरीर पुलिस को देने पर पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है।

## छेड़छाड़ की शिकायत पर फार्मासिस्ट को हटाया

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।स्टाफ नर्स के साथ छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद सीएचसी प्रभारी ने आरोपी फार्मासिस्ट पर अटैच की कार्रवाई की है। फार्मासिस्ट को शक्तिफार्म से हटाकर साधुनगर अटैच कर दिया गया है। स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि 8 जून को फार्मसिस्ट ने उसके साथ छेड़खानी की और चाकू लेकर पीछा किया। आरोपित ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में फार्मासिस्ट एनके भट्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉक्टर अभिलाषा पांडे ने उसे साधुनगर के अस्पताल में अटैच कर दिया है।

## कौसानी में कार सवार बाल-बाल बचे, जानलेवा पेड़ों को कटाने की मांग

कौसानी(उद संवाददाता)। पर्यटन नगरी मिनी स्विट्ज़रलैंड कौसानी पर्यटकों से गुलजार है,जहाँ अभी देश विदेश के सैलानी यहाँ प्राकृतिक दृश्य का नजारा ले रहे हैं, वही कौसानी में विशालकाय पेड़ खतरे को न्यौता दे रहे है, पूर्व में खतरे का पर्याय बन रहे पेडों को कटवाए जाने की मांग के बाद भी पेड़ नही कटने से व्यापारियों



और पर्यटकों को कभी भी हादसा होने की संभावना बनी हुई है, अनाशक्ति आश्रम को जाने वाली सड़क किनारे चीड़ के पेड़ घातक बने हुए हैं तथा सड़क भी पिछले दो वर्षों से टूटी पड़ी है।जिसकी अब तक सुध नहीं ली गई है।आश्रम को जाने वाली सड़क के ठीक नीचे कौसानी-अल्मोड़ा हाईवे पर कौसानी की ओर आ रही एक कार पर पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें दो लोग सवारथे, उनकी बाल बाल जान बची,यदि ऐसे में यदि बड़ा हादसा होता है तो जिम्मेदारी किसकी होगी, ये स्थानीय व्यापारियों और लोगो ने सवालिया निशान उठाए है, वही पेड़ गिरने से यातायात व्यवस्था भी बाधित हो गई।व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी राजू नेगी, बबलू कांडपाल, नीरज नेगी पूरन सिंह दोसाद, राजेन्द्र सिंह, गणेश जोशी, पवन सिंह,आदि ने जिलाधिकारी से शीघ्र कौसानी में खतरों के पर्याय बन रहे विशालकाय सूखे पेड़ो को काटे जाने की मांग की है।

## स्वयं सवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ नैनीताल में प्रभारी प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार के निर्देशानुसार स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत तुमारिया जलाशय सिंचाई विभाग के पार्क को स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के तहत स्वंसेवियों द्वारा साफ-सफाई की गई और पार्क को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त किया गया। इसके बाद मालधनचौड़ क्षेत्र के रेस्टोरेंट और ढाबा मालिक, व्यापारी और अनेक दुकानदारों से मिलकर विशेष स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम के




बारे में जानकारी दी गई और विशेष रूप से होटल व्यवसायी, व्यापार मण्डल, पी०एम० स्वनिधि के लाभार्थियों और नागरिक प्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बल्क वेस्ट जनरेटर को गीले कूड़े का प्रसंस्करण ऑन साईट करने तथा प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों का प्रयोग करने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का प्रयत्न करें। इस अवसर पर डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. आनंद प्रकाश, प्रो. प्रदीप चंद्र, लीलाधर पपने, मोव नफीस, शुभम ठाकुर, जसवंत सिंह, जगदीश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## एसआईएमटी के बी कॉम (ऑनर्स) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलोजी, रूद्रपुर के बी0कॉम (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का परीक्षा



परिणाम कुमॉऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा घोषित किया गया। जिसमें संस्थान की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार बी0कॉम0 (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा महक धमीजा ने 76.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सान्या रावत ने 74.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं शिक्षा नेगी ने 74प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी0कॉम0 (ऑनर्स) तृतीय सेमेस्टर की छात्रा वंशिका ठुकराल ने 79.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रूची सिंह ने 76.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं साक्षी सिंह ने 75प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय समस्त शिक्षकों को दिया। छात्रों की इस सफलता पर संस्थान के चेयरमैन हरिओम कुमार गर्ग, जनरल सेक्रेटरी सुरेन्द्र कुमार गांधी, वाइस चेयरमैन विशाल गर्ग, सीईओ समीप गांधी, निदेशक डॉ एमके शर्मा, विभागाध्यक्ष प्रबंधन डॉ पूजा जौहरी, विभागाध्यक्ष सी0एस0 एवं कॉमर्स मलकीत सिंह, विभागाध्यक्ष साईस सौरभ शर्मा एवं समस्त शिक्षकों ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पशु से दुराचार करते युवक को लोगों ने दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में एक और जहां महिलाओं व बालिकाओं के साथ दुराचार की घटनाएं दिनोदिन बढ़ती जा रही हैं तो अब दूसरी ओर आपराधिक प्रवृति के लोग बेजुबान पशुओं को भी अपनी हवस का शिकार बनाने में कोई संकोच नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम कमालुआ गांजा में सामने आया है जहां यहां एक समुदाय विशेष के युवक को खुद पशु बनकर खूंटे से बंधे एक पशु के साथ अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया। जिसके बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने युवक को गिरफ्तार करने की मांग को



लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम कमलुआगंजा क्षेत्र के बच्ची नगर गांव में आम के बगीचे में हफीज नाम का एक युवक खेत में बंधे स्थानीय व्यक्ति के पशु से मानवता को शर्मसार करते हुए दिनदहाड़े अनैतिक कार्य कर रहा था। ऐसा करते हुए वह कुछ लोगों की नजर में आ गया और उन्होंने उसे पकड़ने के साथ ही पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जानकारी मिलते पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस से युवक को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी लालकुआं संगीता की अगुवाई में पहुंची पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात करते हुए क्षेत्रीय लोगों से शांति बनाए जाने की अपील की।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पत्रकार प्रेस परिषद के सुरेन्द्र तनेजा बने जिलाध्यक्ष

## परिषद की उधमसिंह नगर इकाई का गठन, सुरेन्द्र गिरधर बने जिला उपाध्यक्ष

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। पत्रकारों की एक बैठक में पत्रकार प्रेस परिषद की जिला इकाई का गठन किया गया। सर्वसम्मति से जिला इकाई में वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र तनेजा को जिलाध्यक्ष बनाया गया जबकि वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किये गये। परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कार्यकारिणी के विस्तार के लिए जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा को अधिकृत किया। नवमनोनीत जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गिरधर का सभी उपस्थित पत्रकारों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अपने सम्बोधन में कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद दशकों से पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रही है। 22 राज्यों में संस्था की इकाईयां काम कर रही हैं। परिषद अपने सदस्यों का जीवन बीमा भी कराती है। साथ ही समय समय पर पत्रकारों के हितों को लेकर सरकार तक आवाज उठाती रही है। श्री गुलाटी ने कहा कि परिषद की कुमांऊ भर में जिला एवं शहर इकाईयों का गठन जल्द



किया जायेगा। इकाईयों के गठन के पश्चात रूद्रपुर में जिला स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित होगा। जिसमें परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत अन्य पदाधि कारियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। कुमांऊ प्रभारी ने कहा कि मीडिया से जुड़ा कोई भी व्यक्ति परिषद की सदस्यता ग्रहण कर सकता है। पत्रकारों के हितों की लड़ाई में परिषद अन्य पत्रकार संगठनों के साथ भी तालमेल बनाकर चलेगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तनेजा ने कहा कि आज पत्रकारिता का अस्तित्व खतरे में हैं। कुछ लोगों ने पत्रकारिता को दूषित कर दिया है। इसलिए आज स्वच्छ छवि के पत्रकारों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारों को एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़नी होगी तभी पत्रकारिता मजबूत हो पायेगी। श्री तनेजा ने कहा कि एक दौर था जब गिने चुने पत्रकार थे लेकिन एकजुट थे। उन्होंने बताया कि पत्रकार उत्पीड़न के लिए उन्होनें ने उत्तराखण्ड बनने से पूर्व दिल्ली और लखनऊ तक लड़ाई लड़ी। संसाधन कम थे इसके बावजूद हौंसला मजबूत था। आज पत्रकारों की भीड़ इतनी बढ़ चुकी है लेकिन एकजुटता के चलते पत्रकार पहले से और भी कमजोर हो गया हैं। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को शासन प्रशासन भी गंभीरता से नहीं लेता। श्री तनेजा ने कहा कि जिले में पत्रकारों को एकजुट करना और संगठन को मजबूत बनाकर पत्रकारों के हितों के लिए काम करना उनकी प्राथमिकत रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार परमपाल सुखीजा, गोपाल भारती, जगदीश चन्द्र, प्रमोद धींगड़ा, अशोक सागर, नरेन्द्र सिंह, गोपाल शर्मा, गोपाल गौतम, अजय अनेजा, हरप्रीत सिंह, नरेश कुमार, प्रमोद सिंह, महेन्द्र गावा आदि मौजूद थे।

# फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र बनाने वाले आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने अनेक दस्तावेजों व उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार निसार पुत्र सज्जन निवासी पप्पू का बगीचा इन्द्रानगर बनभूलपुरा ने 13 जून को थाना बनभूलपुरा में लिखित तहरीर देकर बताया कि संजीत नामक व्यक्ति द्वारा कूटरचित व फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बना कर उसकी एवज में 300 रुपये ले लिए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले के खुलासे के लिए नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई । जिसने अभियुक्त संजीत कुमार पुत्र वेदराम निवासी ग्राम सालपुर नवदिया, खुदागंज रोड, थाना कटरा जिला शहजहापुर उत्तर प्रदेश को लटूरिया बाबा मन्दिर बरेली रोड से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक मोबाइल, एन्ड्रायड कम्पनी द्रंतव बरामद हुआ जिसमे डाक्यूमेन्ट फोल्डर



में बहुत सारी फर्जी प्रमाण पत्रों की पीडीएफ फाईल मौजूद थी। जिनको चौक किया गया तो इसमे अन्य व्यक्तियों की भी पीडीएफ (जन्म प्रमाण पत्र) कूटरचित /जाली पाये गये जिसमें आवेदक का नाम हल्द्वानी का था परन्तु जारीकर्त्ता रजिस्ट्रार का नाम अन्य जनपद का अंकित था। जिससे स्पष्ट हो गया कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र कूटरचित तरीके से बनाये गये है। पूछताछ में संजीत ने बताया कि जिस सिस्टम से वह कूटरचित दस्तावेज बनाता हैँ वह बैंक ऑफ बडौदा शाखा बरेली रोड में है। उसकी निशादेही पर उक्त बैंक से एक लैपटाप मय चार्जर व एक प्रिन्टर मय केबिल व एक रजिस्टर बरामद किया गया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, उनि संजीत राठौड़, उनि आसिफ अली, का. दिलशाद अहमद शामिल थे।

# निक्कू जिला सचिव व संजय वार्ड अध्यक्ष बने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की एक बैठक जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तथा महानगर अध्यक्ष राम प्रसाद की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला तथा महानगर अध्यक्ष ने सभी युवाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिसके पश्चात कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद की संस्तुति पर निक्कू कोली को जिला सचिव व संजय कोली को रम्पुरा वॉर्ड 22 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उन्हें जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें बधाई देते हुए उनसे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिएआव्हान किया। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार व महानगर अध्यक्ष राम प्रसाद ने बताया कि भाजपा से युवा कार्यकर्ताओं का मोहभंग होता जा रहा है और वह कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। राजेश कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार के नाम पर युवाओंको छलने का काम कर रही है। चुनाव में भाजपा सरकार ने युवाओं को नौकरी दिलाने के जो वादे किए वह वादे आज तक भाजपा



सरकार ने पूरे नहीं किए। रामप्रसाद ने दोनों कार्यकर्ताओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार युवाओं को नौकरी का लालच देकर सत्ता में का बीज हुई भाजपा सरकार आज युवाओं नौकरी देने में नाकाम साबित हो रही है। पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा ने नव युक्त जिला महासचिव निक्कू कोली और वार्ड अध्यक्ष संजय कोली स्वागत कर दोनों कार्यकर्ताओं से कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान अमन पांडे, विजय हरि, तुषार विश्वास, सुमित राठौर, जितेंद्र, विनोद, अंकित, सुभाष, सोनू, सत्य कुमार, बॉबी, विपिन, कपिल आदि लोग मौजूद थे।



# धूमधाम से मना लवली हुड़िया का बर्थडे


## अनहद ग्रुप आॅफ इंडस्ट्रीज के एमडी के जन्मदिन पर आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर











गदरपुर (उद संवाददाता)। अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सभागार में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विगत तीन वर्षों से लगातार अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी रोहित हुड़िया (लवली) द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों द्वारा एमडी लवली हुड़िया के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की काँमना की। आपको बता दे कि अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज , अमर उजाला फाउंडेशन, भारत विकास परिषद के बैनर तले विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का शुभारम्भ आनंद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की डॉयरेक्टर श्री मति प्रेरणा हुड़िया,मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया की सुपुत्री ऑलीविया ने मुख्य अतिथि एस पी अभय प्रताप सिंह के मस्तक तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।ततपश्चात अनहद ग्रुप के डायरेक्टर श्रीमती प्रेरणा हुड़िया एवं मुख्य अतिथि एसपी अभय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज अमर उजाला फाउंडेशन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा गदरपुर मीडिया पार्टनर उत्तराखंड का गौरव सहित श्री कृष्णा ब्लड बैंक काशीपुर के सहयोग से इस रक्तदान शिविर को लगाया गया। रक्तदान शिविर के शुभारंभ में मां भारती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प वर्षा कर राष्ट्रीय गान का उच्चारण किया गया अतिथियों का स्वागत भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार गगनेजा आनंद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया, अमर उजाला के ब्यूरो चीफ चंदन भंगारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि एसपी प्रताप सिंह थानाध्यक्ष राजेश पांडे भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा मंच को संबोधित करते हुए लवली हुड़िया को उनके जन्मदिन की बधाई दी। शिविर में 60 रक्त दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की ओर से मैडम व रक्त वीर प्रमाण पत्र देकर रक्त दाताओं को सम्मानित किया गया।वही अनहद ग्रुप के एमडी ने आये अतिथियों एवं शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने एस पी अभय प्रताप सिंह को 50 हेलमेट भी भेंट किये। साथ ही एमडी लवली हुड़िया ने आये मुख्य अतिथि एस पी अभय प्रताप सिंह,रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ सोनू विश्वास, भारत विकास परिषद अध्यक्ष डॉ प्रमोद गगनेजा, अमर उजाला फाउंडेशन के ब्यूरोचीफ चंदन भंगारी को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान राहुल हुडिया, प्रदीप भुड्डी, डिंपल आहूजा, राज कुमार भुड्डी, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक विनोद चुघ एवं दीपक सुधा, डॉक्टर विनीत अरोरा, विकास बजाज, प्रवीण गिलहोत्रा, राकेश चावला 'गोल्डी', रमन छाबड़ा, बलदेव छाबड़ा 'बंटी', राकेश गगनेजा विवेक अरोरा, विशाल रस्तोगी कशिश खुराना, सागर गण्डा, राजीव ग्रोवर अशोक हुडिया, श्रीमती स्वर्णा अरोरा, ज्योति चुघ, श्रीमती भावना गुप्ता, जय किशन अरोरा, जसपाल डोगरा, गौरव बत्रा, मुकेश सुधा, देवेंद्र सिंह गाबा, सतीश बत्रा, श्री गोपाल अरोरा, महेंद्र सिंह, श्री विनोद ढींगरा, नरेश चुघ जी, सोमनाथ छाबड़ा, रोबिन फुटेला, राजीव गुम्बर, गुलशन मदान, मनोज कक्कर, शिवम छाबड़ा, ब्रजेश गुप्ता आदि मौजूद थे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष ने मनाया बाल सखा का जन्मदिन

गदरपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने अनहद ग्रुप के एमडी एवं बाल सखा लवली हुड़िया का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य केक काटते हुए उनके स्वस्थ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की काँमना की।भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा अनहद ग्रुप के एमडी लवली हुड़िया उनके बचपन के मित्र है और आज उनके द्वारा रूप ले चुके है।उन्होंने कहा वह ईश्वर से लवली हुड़िया के उज्ज्वल भविष्य व दीर्घायु की काँमना करते है और वह चाहते है उनके बालसखा का प्यार और विश्वास हमारी दोस्ती में सदैव बढ़ता



की काँमना की। नगर के सकैनिया मोड़ स्थित भगवती मिल स्थित अपने निजी कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने बालसखा लवली हुड़िया के जन्मदिन के अवसर पर समाजिक राजनीतिक व धार्मिक क्षेत्र में अपनी सराहनीय भूमिका निभाई जाती है उन्होंने कहा पर्यावरण को लेकर विगत कुछ वर्षों में हजारों पौधों का रोपण लवली हुड़िया द्वारा किया जा चुका है जो आज वृक्ष का रहे। इस मौके पर कपिल अरोरा,रोहित पोपली, विशाल रस्तोगी,अरुण नारंग,रोबिन फुटेला,नमित झाम, सतीश चुघ,संजीव अनेजा, नवीन खेड़ा, कुनाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## पति के जन्मदिन पर श्रीमती प्रेरणा हुड़िया ने किया प्रथम बार रक्तदान

गदरपुर। अनहद ग्रुप के एम डी लवली हुड़िया के जन्मदिन पर उनकी धर्म पत्नी एवं अनहद ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती प्रेरणा हुड़िया द्वारा प्रथम बार रक्तदान किया। विश्व रक्तदान दिवस एवं अपने पति लवली हुड़िया के जन्मदिन पर प्रथम बार रक्तदान कर खुशी जाहिर करते हुए अनहद ग्रुप की डायरेक्टर प्रेरणा हुड़िया ने ईश्वर से लवली हुड़िया की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की काँमना की। बता दें श्री मति प्रेरणा हुड़िया समाजसेविका एवं धार्मिकता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी है।वही महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सोशल कार्यक्रम को करके आज की युवा पीढ़ी (बालिकाओं) को आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भर के लिए जागरूक करती रहती है । उन्होंने प्रथम बार रक्तदान करने के पश्चात अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा उन्होंने यह रक्तदान इसलिए किया है जिससे किसी असहाय व्यक्ति की जान बचाई जा सके साथ ही उस व्यक्ति और उसके परिवार की दुआएं और आशीर्वाद उनके पति और उनके परिवार को सदैव मिले उन्होंने कहा हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान करने को लेकर जागरूक रहना चाहिए और समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।



## एएसपी अभय प्रताप सिंह ने पौधारोपण कर दी बधाई

गदरपुर।अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह द्वारा वृक्षारोपण कर अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया के जन्मदिन की बधाई दी । अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया के जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में लवली हुड़िया को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की काँमना की साथ ही समाज के प्रति उनके कार्यो की सराहना की।एस पी अभय प्रताप सिंह ने कहा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए लवली हुड़िया लोगों की जान बचाने के लिए जहां एक और रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं वही पर्यावरण की मजबूती के लिए हजारों पौधों का रोपण कर चुके हैं उन्होंने कहा आज उनकी दीर्घायु के लिए एक पोधारोपण वह भी करेंगे और किसी भी उन्होंने अनहद ग्रुप के माध्यम से 50 हेलमेट का वितरण भी किया जिसमें लगभग 6 हेलमेट अनहद ग्रुप के कर्मचारियों को दिए और बाकी समाज हित में बांटे जाएंगे। उन्होंने कहा लवली हुड़िया द्वारा दोनों ही पहलुओं को बड़ी ही समझदारी से रखा है उनका पहला उद्देश्य है हेलमेट पहनकर अगर व्यक्ति दोपहिया वाहन चलाएगा तो संभवत दुर्घटनाओं में किसी की जान नहीं जाएगी और अगर भगवान ना करे कोई दुर्घटना होती भी है तो उसके लिए रक्तदान शिविर के माध्यम से तुरंत रक्त का भी इंतजाम हो जाएगा। इस दौरान एसपी अभय प्रताप सिंह सहित थानाध्यक्ष राजेश पांडे मेट्रो चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश ने भी अनहद ग्रुप के एम डी लवली हुड़िया को जन्मदिन की बधाई दी।



(Advt.)

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## शिक्षा का स्वरूप

चिकित्सा, खगोल विज्ञान, स्थापत्य, रसायन विज्ञान आदि क्षेत्रों में भारत की ज्ञान परंपरा आज भी दुनिया के लिए आकर्षण का विषय है। हमारे यहां शिक्षा का स्वरूप काफी कुछ रोजगार आधारित बन गया है। यही मैकाले की शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य था। सरकार और व्यवस्था के काम लायक लोगों को तैयार करना है वही शिक्षा पद्धति आजादी के बाद भी बनी रही। बल्कि शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने पर जोर और बढ़ गया। जिस शिक्षा से आजीविका का प्रबंध न हो सके, उस पर प्रश्नचिह्न स्वाभाविक है। मगर हकीकत यह है कि रोजगार के बहुत सारे अवसर तकनीकी ज्ञान पर आधारित होते गए हैं। इस तरह पाठ्यक्रमों में उसी प्रकार के पाठ शामिल किए जाते हैं, जो आगे चल कर विभिन्न अवसरों पर विद्यार्थियों के काम आ सकें। फिर, जिस तरह शिक्षा को लेकर पूरी दुनिया में प्रयोग हो रहे हैं, उसमें कौशल विकास के नाम पर ज्यादातर औद्योगिक जरूरतों को ध्यान में रखा जाता है। खासकर उच्च शिक्षा में उन्हीं पाठ्यक्रमों में अधिक भीड़ देखी जाती है, जिन्हें पढ़ कर विद्यार्थियों को ऊंचे वेतन वाली नौकरी पाने की संभावना अधिक रहती है। इस तरह धीरे-धीरे पारंपरिक भारतीय ज्ञान परंपरा लगभग लुप्त होने को है। अच्छी बात है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उस ज्ञान परंपरा को सहेजने की पहल की है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश जारी किया है कि वे अपने पाठ्यक्रमों में भारतीय पारंपरिक ज्ञान को समाहित करने का प्रयास करें। खासकर स्नातक स्तर पर ऐसे पाठ जरूर शामिल किए जाएं। संभव है, कुछ लोगों को यह निर्देश नागवार गुजर सकता है, मगर इस जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज जिस तरह ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में परस्पर आवाजाही बढ़ी है और पुरानी सभ्यता और संस्कृतियों से बहुत कुछ लेने का प्रयास किया जा रहा है, उसमें भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रमों में समाहित करने से परहेज क्यों होना चाहिए। चिकित्सा, खगोल विज्ञान, स्थापत्य, रसायन विज्ञान आदि क्षेत्रों में भारत की ज्ञान परंपरा आज भी दुनिया के लिए आकर्षण का विषय है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी अगर प्राचीन भारतीय खगोल विज्ञान की स्थापनाओं के आधार पर अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझाने का प्रयास कर रहा है, तो हमें उसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने से क्यों गुरेज होना चाहिए। अगर योग विज्ञान को दुनिया भर के चिकित्सा विज्ञान ने एक कारगर पद्धति मान लिया है, तो उससे जुड़े पाठ हमें क्यों नहीं पढ़ने चाहिए। स्थापत्य, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, दस्तकारी, कृषि, पशुपालन, बागवानी आदि के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी अनेक प्राचीन ज्ञान परंपराएं बिखरी पड़ी हैं, जो रोजगार की दृष्टि से भी उपयोगी हो सकती हैं। सबसे बड़ी बात कि इससे समाज और जीवन के आधारभूत तत्त्व मजबूत होंगे। जीवन और समाज में इसलिए बहुत सारी विसंगतियां पैदा हो गई हैं कि हमने अपने परिवेश से अलग सभ्यता और संस्कृति को अपनाने और उसके मुताबिक जीने का प्रयास किया है। इससे पर्यावरण को भी बहुत नुकसान पहुंचा है। व्यवस्था और औद्योगिक क्षेत्रों के लायक योग्यता हासिल कर लेना भारत जैसी विशाल आबादी वाले देश में संभव नहीं है। इसलिए आजीविका के पारंपरिक तरीकों की तरफ लौटना ही पड़ेगा। नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने पर बल है, अब उच्च शिक्षा में भी इस तरह का पाठ्यक्रम बनेगा, तो निस्संदेह विद्यार्थियों को अपनी ज्ञान परंपरा को समझने और उसे नए ढंग से उपयोग करने में मदद मिलेगी। मगर जब भी शिक्षा में इस तरह के बदलाव होते हैं, तो उनके पीछे कोई खास मकसद छिपा होता है। ऐसा कोई मकसद इसमें नहीं होना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने कपकोट के दूरस्थ क्षेत्रों का किया निरीक्षण

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कपकोट क्षेत्र भ्रमण के दौरान भू-स्खलन के रोकथाम के लिए लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग द्वारा किए गए सुरक्षात्मक कार्यों के साथ ही आपदा न्यूनीकरण के अंतर्गत बाढ सुरक्षा प्रस्तावित कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। गत वर्ष में मुनार में टूटी सड़क में पुनर्निर्माण, में लोनिवि द्वारा आपदा मद से तात्कालिक कार्य कर सड़क बनाकर यातायात सुचारू कर दिया गया था, मगर उसके दीर्घकालीन ट्रीटमेंट कार्य राज्य आपदा न्यूनीकरण मद में प्रस्तावित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए थे, जिसका लोनिवि द्वारा 276 लाख का डीपीआर प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया। स्थलीय निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने किए गए कार्यों का जायजा लिया व न्यूनीकरण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। हरसिंगयाबगड सड़क किमी दो में सड़क पूरी तरह टूट गई थी, जिसे सड़क के अपर स्ट्रीम मे काट कर यातायात सुचारू कर दिया गया था, मगर सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट कार्य अनिवार्य था, इसलिए लोनिवि द्वारा सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट कार्य 155 लाख का डीपीआर प्रस्ताव राज्य आपदा न्यूनीकरण मद में प्रस्तावित किया गया है। गत वर्षाकाल में आसों-बसकूना के बादल फटने से डणू गधेरे में बाढ आ गई थी, जिससे असों-बसकूना सड़क व दो पुलों को अपार्टमेंट ध्वस्त हो गये थे के स्थाई ट्रीटमेंट कार्यों का 276 लाख का डीपीआर प्रस्ताव लोनिवि द्वारा आपदा



मद में भेजा गया था का भी जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया व स्वीकृत की प्रत्याक्षा में तीनों कार्यो का टेंडर लगाने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिए। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी मौके पर दिए, ताकि दीर्घकाल तक क्षेत्रीय जनता को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने फालदा गधेरे में सिंचाई विभाग द्वारा भू-कटाव को रोकने के लिए गधेरे में भू-कटाव रोकने के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण मद में प्रस्तावित 103 लाख के कार्यों का जायजा लिया। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि फालदा गधेरे के अपर साइड पूरा गावं है जो गधेरे के कटाव के जद में है, इसलिए गधेरे के अपर व डाउन स्ट्रीम में दोनों ओर 210 मीटर सुरक्षा दीवार व स्पर वायरकेट बनाये जायेंगे, जिस पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान गांव के भू-कटाव को पूर्णतया रोकने के लिए कार्य कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग द्वारा भराडी बाजार के नीचे नदी में प्रस्तावित 42 लाख के कार्यों व बमसेरा गांव की सुरक्षा के लिए कुजगाडी नाले में 223 लाख के प्रस्तावित संरक्षण कार्यो का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिसाशीअभियन्ता लोनिवि राजेश कुमार, सिंचाई पान सिंह बिष्ट, आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल, तहसील देवेन्द्र लोहनी, लोनिवि के सहायक अभियंता गोविन्द सिंह मेहरा, सहित संबंधित विभागों के अभियंता मौजूद रहे।

# खेल को हाँ नशे को ना का संदेश देते हुए वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

कपकोट (उद संवाददाता)। शामा जिला पंचायत के गाँव लीती में युवा समाजसेवी भूपेन्द्र कोरंगा द्वारा युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। "खेल को हाँ नशे को नां" का संदेश देते हुए बॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का समापन 16 जून को होगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक टीमें प्रतिभाग करेंगे। विजेता और उपविजेता टीम को आकर्षक ट्राफी और कैश प्राइज सहित सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। शुभारंभ मैच रॉयल



चौलेंजर लीती और हल्द्वानी वॉरियर्स के बीच खेला गया। इस दौरान प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक भूपेन्द्र कोरंगा ने कहा कि युवा वर्ग को नशे की प्रवर्ति को छोड़कर खेल को हा नशे को ना के आधार पर सशक्त युवा बनकर देश हित के लिए कार्य करने को अपनी प्राथमिकता में रखना चाहिए, नशा समाज के लिए अभिशाप बन गया है, इस कुरीति को दूर करने के लिए हम सभी को नशे के खिलाफ मुहिम में योगदान देना चाहिए। संयोजक डिगर कोरंगा, योगेश कोरंगा, दीपक कोरंगा, नीरज कोरंगा, चारू कोरंगा, आनंद कोरंगा, हरीश कोरंगा सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# प्रकृति को समझने के लिए उसका हिस्सा बनना जरूरी

नेचर फोटोग्राफी दिवस सर्वप्रथम 15 जून 1996 को नार्थ अमेरिकन नेचर फोटोग्राफी एसोसिएशन द्वारा मनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति और जीवों के प्रति प्रोत्साहित करना एवं जागरूकता फैलाना था। कहते हैं कि कभी मनुष्य की आंखें जो नहीं देख पातीं हैं वो कैमरा देख लेता है। हर एक बेहतरीन विहंगम तस्वीर के पीछे एक कहानी होती है, किसी फोटोग्राफर का विजन, उसका नजरिया भी होता है। प्रकृति को समझने के लिए उसका हिस्सा बनना जरूरी है। प्रकृति और वन्य जीवों से बेहद लगाव होने की वजह से मेरा मन वनों की तरफ आकर्षित होता है। किसी वन्य जीव, जैसे कि कोई बाघ, हाथी, हिरण या कोई भी पक्षी या कोई जलाशय, इनकी तस्वीर लेने के लिए मौसम, सही जगह, सही कोण और दिशा, सूर्य का पर्याप्त प्रकाश (क्योंकि आप फ्लैश लाइट का प्रयोग नहीं कर सकते), वन विभाग के नियमों का पालन करने के साथ



साथ बेहतरीन टाइमिंग और किस्मत एक एहम किरदार निभाती है। किसी नेशनल पार्क या टाइगर रिजर्व में समय और उचित दूरी की भी पाबंदी होती है। नेचर फोटोग्राफी करना और उसको इंटरनेट, समाचार पत्र या सोशल मीडिया द्वारा प्रदर्शित करना प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है, और इससे किसी न किसी रूप में प्रदेश की पर्यटन से होने वाली आमदन बढ़ती है। पर्यटन से जुड़े हर व्यक्ति, जैसे कि रेस्टोरेंट, होटल, टैक्सी चालक, सबको व्यापार वृद्धि में इसका फायदा मिलता है। मेरे द्वारा पिछले 9 सालों से फोटोग्राफी की जरिये प्रकृति, वन, वन्य जीव संरक्षण और पर्यटन के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, और आगे भी कोशिशें निरंतर जारी रहेंगी।

**-रूपेश अरोरा (वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, रुद्रपुर)**

# हमें प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना चाहिए और फ्लेक्सी बैनर की जगह कपड़े के बैनर का प्रयोग करना चाहिए

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल सरोवर नगरी में मा. उच्च न्यायालय, उत्तराखंड के दिशा निर्देशों के दृष्टिगत जिला न्यायालय नैनीताल में 12 जून से लेकर 18 जून तक तक आयोजित स्वच्छता अभियान सप्ताह को लेकर बुधवार को जिला न्यायाधीश सुजाता सिंह प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया मा. उच्च न्यायालय के निर्देशन पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है उसी क्रम में हमने बीते 12 जून से जिला न्यायालय में सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा अब हमें प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना चाहिए और फ्लेक्सी बैनर की जगह कपड़े के बैनर का प्रयोग करना चाहिए जैसे पूर्व वर्षो में किया जाता था उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त शहर में अलग-अलग जगहों पर भी स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर सभी विभागों से वार्ता की जा रही है इसके



अतिरिक्त इस पखवाड़े में एनसीसी के कैडेट्स भी सफाई अभियान में अपना योगदान दे रहे है साथ ही रैली के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है और पूरे जिले में जागरूकता वैन द्वारा भी स्वच्छता को लेकर प्रचार किया जा रहा है और पंपलेट के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है उन्होंने बताया स्वच्छता पखवाड़े को लेकर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी हमारे द्वारा की जा चुकी है जिसके परिणाम आते ही प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेताओं को हमारे द्वारा 18 जून को पुरस्कृत किया जाएगा उन्होंने 18 जून को स्वच्छता पखवाड़े में जुड़ने की लोगों से अपील की है।

# स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी किए नामित

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता) जनपद मे चल रहे स्वच्छता सप्ताह के तहत नगर के 20 वार्डों में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रीना जोशी ने 20 जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। नामित सभी नोडल अधिकारी नामित नोडल अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पिथौरागढ़ राजदेव जायसी से समन्वय स्थापित कर नगर के सभी वार्डों में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। नगर क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सोर्स सेग्रीगेशन व्यवस्था को शत प्रतिशत क्रियान्वित करवाएंगे ताकि नगर के प्रत्येक घर एवं प्रत्येक संस्थान से सूखे एवं गीले कूड़े का अलग-अलग डोर टू डोर कलेक्शन सुनिश्चित हो सके। डीएम ने निर्देश दिए कि नामित नोडल अधिकारी स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यों की प्रतिदिन की आख्या व फोटोग्राफस जिला अधिकारी को वाट्सअप के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। बता दें कि जनपद में गत 12 जून से स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है जो आगामी 18 जून तक चलेगा। स्वच्छता सप्ताह के तहत जिला प्रशासन के तत्वाधान में जनपदभर में स्वच्छता बनाये रखने के लिए स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्वच्छता सप्ताह के सफल संपादन हेतु जनपद के नगर क्षेत्रों हेतु संबंधित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, ग्रामीण क्षेत्र हेतु एएमए जिला पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी तथा वन क्षेत्रों हेतु डीएफओ को नोडल अधिकारी नामित किया है जो अपने- अपने क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।

# प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती का विरोध

बागेश्वर (उद संवाददाता)। अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती का विरोध किया। वरिष्ठता के आधार पर पदों को भरने की मांग की। सोमवार को आनलाइन आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार टम्टा ने किया। शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में ग्रीष्म अवकाश हैं। बावजूद अटल आदर्श विद्यालयों संचालित हो रहे हैं। पठन-पाठन में लगे शिक्षकों को उपार्जित और प्रतिकार अवकाश दिया जाए। प्रदेश में अधिकांश माध्यमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य विहीन हैं। जिनका कार्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कर रहे हैं। जिसके कारण उन्हें विषयों पर पर्याप्त ध्यान देने का अवसर नहीं मिल रहा है। जबकि शिक्षकों का मूल्यांकन विषय के आधार पर होता है। दायित्वों के आधार पर नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य के पदों को वरिष्ठता के आधार पर भरा जाए। इसके अलावा प्राथमिक से लेकर माध्यमिक तक के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। उन्होंने अन्य राज्यों की भांति प्रदेश में भी शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना की बहाली करने, विभाग के अंतर्गत नियुक्त एवं पदोन्नति में शत प्रतिशत रोस्टर को लागू करने की मांग की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही प्रांतीय कार्यकारिणी मुख्यमंत्री से मिलेगी। बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री महेंद्र प्रकाश ने किया। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डीआर बाराकोटी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राकेश कुमार रौधियाल, आरएल आर्य, सुनीता आर्य, आनंद सिंह विद्रोही, रणजीत सिंह तोमर, आईपी ह्यूमन, सुनीता आर्या, सपना तोमर, विजय वैरवाण, गणेश सिंह मर्तोलिया, मनोहर प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, अनिल कुमार, चिरंजीलाल राही, रमेश चंद्र, दिनेश टम्टा आदि उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया डांस प्रतियोगिता

## भरतनाट्यम में प्रथम रही स्वस्तिका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निवासी स्वस्तिका जोशी ने ऑल इंडिया डांस ड्रामा प्रतियोगिता में भरतनाट्यम नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रौशन किया। ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला द्वारा 68 वे ऑल इंडिया डांस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन गत 6 जून से 10 जून तक शिमला में किया गया। जिसमें 19 राज्यों के 380 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 15 प्रविष्टियां उत्तराखंड राज्य से थी। स्वस्तिका ने बाल वर्ग भरतनाट्यम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही भरतनाट्यम युगल नृत्य में भी प्रथम स्थान पर रही। संगीत की पारिवारिक पृष्ठभूमि में जन्मी स्वस्तिका जोशी हल्द्वानी के सेंट थेरेसा स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा हैं। 4 वर्ष की आयु से ही स्वस्तिका का शास्त्रीय संगीत की ओर रुझान रहा। दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत से ज्यादा प्रभावित स्वस्तिका पिछले 2 वर्षों से भरतनाट्यम नृत्य की विधिवत शिक्षा गुरु शुभम खोलव से प्राप्त कर रही है। स्वस्तिका की पहली मंच प्रस्तुति पर गुरु द्वारा घुंघरू की पूजा विधि विधान से शिमला के प्रसिद्ध मंदिर कालीबाड़ी में मां काली के सम्मुख की गई। स्वस्तिका भरतनाट्यम के साथ ही वायलिन की शिक्षा गुरु पंडित हरीश चंद्र पंत स्वर संगम संगीत संस्थान से ले रही है।स्वस्तिका के प्रथम आने पर संगीत व कला से जुड़े लोगों ने उसे बधाई दी।



# मंडल उपाध्यक्ष सुरेश को सौंपी नेम प्लेट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस टिफिन बैठक में पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के दौरान भाजपा दक्षिण मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा को पार्टी की नेम प्लेट सौंपकर सम्मानित किया। श्री भट्ट के समक्ष विधायक शिव अरोड़ा ने पार्टी के बूथ कार्यकर्ता एवं मंडलों के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मान देने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं के घर घर नेम्स प्लेट लगाने का शुभारंभ किया। जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा। टिफिन बैठक में नेम प्लेट का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट व विधायक शिव अरोड़ा तथा वरिष्ठ नेता गणों ने सुरेश शर्मा को नेम प्लेट देकर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने विधायक शिव अरोड़ा, सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट तथा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया।



# सुप्रीम कोर्ट ने महापंचायत पर सुनवाई से किया इनकार

नई दिल्ली। उत्तरकाशी में होने वाली महापंचायत पर जारी खींचतान का दौर फिलहाल थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। उत्तरकाशी जिले के पुरोला में सांप्रदायिक तनाव के बीच महापंचायत रोकने की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट के इनकार के बाद याचिकाकर्ता ने अब उत्तराखंड हाईकोर्ट का रुख किया है। याचिकाकर्ता की तरफ से नैनीताल हाईकोर्ट में महापंचायत पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून को होने जा रही महापंचायत पर रोक की याचिका पर विचार से किया इनकार करते हुए याचिकाकर्ता से कहा था कि कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य की जिम्मेदारी है।आप यहां क्यों आए हैं, हाईकोर्ट जाइये। हाई कोर्ट भी सुनवाई में समर्थ है। इसके बाद याचिकाकर्ता की तरफ से हाईकोर्ट का रुख किया गया है। उत्तरकाशी के पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें खाली कराने के लिए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने महापंचायत बुलाई है। हालांकि, जिला प्रशासन ने अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी है। 26 मई को मुस्लिम युवक को पुरोला क्षेत्र की एक नाबालिग को भगाने के प्रयास में गिरफ्तार किए जाने के बाद से स्थानीय लोग, व्यापारी और हिंदू संगठन मुस्लिमों से दुकानें खाली कराने की मांग को लेकर आंदोलित हैं।

# महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों, सफाई कार्मिकों एवं समस्त स्टाफ को दस्ताने एवं मास्क वितरित कर 'स्वच्छता सप्ताह' के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवियों और सफाई कर्मियों ने महाविद्यालय के बाहर की नालियों एवं सड़क की सफाई की तथा जनमानस को अपने आस-पास की जगह को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 वन्दना सिंह डॉ0 गीता मेहरा, श्रीमती प्राची धौलाखण्डी स्वयंसेवी कु0 खुशबू, कु0 साक्षी तिवारी, कु0 प्रियांशी, गंगवार, कु0 नीमा, कु0 निर्मला एवं समस्त सफाई कर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दूसरी पुण्यतिथि पर इंदिरा हृदयेश को दी श्रद्धांजलि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गोविन्द मेहता, उत्तराखण्ड राज्य में कांग्रेस सरकार में पूर्व में उपमुख्यमंत्री और संगठन में अपनी कार्यकुशलता से आमजन के लिए विकास कार्यों की सौगात देने वाली इंदिरा हृदयेश को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने याद किया। पार्टी कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व मेंपुण्यतिथि कायक्रम आयोजित हुआ,आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के विकास में उनकी भूमिका अहम रही है।साथ ही उनके नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को विकास कार्यो में भरसक सहयोग भी मिलता था, इस मौके पर नवीन टम्टा, दान सिंह टंगड़िया, कुंदन गोस्वामी, सुरेश गड़िया, खालिद हुसैन, हरीश त्रिकोटी, ललित बिष्ट, राजेंद्र परिहार, रुद्रा पांडे, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम सुरंदर कुमार से बदलकर सुरेंद्र कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेंद्र कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सुरेंद्र कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल
निवासी-बी-32, आदर्श कॉलोनी,
रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# लुकास टीवीएस का सिक्स सिग्मा में कैंपस ड्राइव आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट कराया गया। यह प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रक्रिया में कम्पनी के एच.आर. मैनेजर सुश्री प्रभा सेक्शन हेड गजेन्द्र एवं प्लांट हेड विक्रम राना द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। प्रक्रिया में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन) के 11 छात्रों का चयन हुआ। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डाबर, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह , व सीएओ अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की। कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।



## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम राधा (RADHA) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके राधा देवी (RADHA DEVI) रख लिया है। मैं सामान्यता: सभी व्यक्तियों, रिश्तेदारों और मित्रों को यह स्पष्ट अधिकार देती हूँ और उनसे यह अनुरोध करती हूँ कि वे अब से हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम राधा देवी (RADHA DEVI) से ही सम्बोधित करें।

(राधा देवी पत्नी श्री मुकेश सिंह चौहान)
निवासी- फ्लैट नं0-202, गंगेस-ए, ओमेक्स रिवेरा, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.8 में क्रमांक 267 पर श्रीमती अनीता पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह का नाम अंकित है जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्रीमती प्रमिला गुप्ता पत्नी श्री हरिकृपाल निवासी वार्ड नं0 8 गदरपुर ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली नगर पालिका परिषद गदरपुर में प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखों में श्रीमती प्रमिला गुप्ता पत्नी हरिकृपाल निवासी वार्ड नं0 08 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,गदरपुर**

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम मुकेश सिंह (MUKESH SINGH) था, अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके मुकेश सिंह चौहान (MUKESH SINGH CHAUHAN) रख लिया है। मैं सामान्यता: सभी व्यक्तियों, रिश्तेदारों और मित्रों को यह स्पष्ट अधिकार देता हूँ और उनसे यह अनुरोध करता हूँ कि वे अब हर मौके पर, हर विवरण में मेरे नए नाम मुकेश सिंह चौहान (MUKESH SING CHAUHAN) से ही सम्बोधित करें।

(मुकेश सिंह चौहान पुत्र श्री तेजपाल सिंह चौहान)
निवासी-फ्लैट नं. 202, गंगेस-ए,ओमेक्स रिवेरा, रूद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## पेज एक का शेष...

**कैंची धाम में उमड़ा....**सिंह मेहरा सुबह 7 बजे से ही मंदिर में मेले को व्यवस्थित करने में लगे रहे। साथ ही श्रद्धालुओं की कतार को व्यवस्थित करने के लिए वॉलिंटियर की टीम भी लगी रही। श्रद्धालु हनुमान चालीसा के पाठ के साथ बाबा के जयकारों के साथ बारी-बारी से मंदिर परिसर में प्रवेश करने के साथ बाबा के दर्शन के साथ प्रसाद लेकर पिछले द्वार से वापस लौटते रहे। पुलिस प्रशासन की ओर से भवाली से ही श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची तक पहुंचाया गया। क्वारब से श्रद्धालुओं को पनीराम ढाबे के पास शटल सेवा से छोड़ा जा रहा है। श्रद्धालु बृहस्पतिवार को बाबा के दर्शन और प्रसाद के लिए रात भर खुले आसमान और टेंट में आराम करते नजर आए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही से चहल-पहल रही। इससे स्थानीय पर्यटन कारोबारी और व्यापारी भी खुश नजर आए। मंदिर समिति से जुड़े भक्त रात भर व्यवस्थाएं बनाने में जुटे रहे। वहीं एसएसपी पंकज भट्ट मंदिर के मुख्य गेट पर अपने पुलिस बल के साथ व्यवस्थाओं को संभालते खुद नजर आए। पंकज भट्ट ने बताया मेले को शांतिपूर्वक सफल आयोजन कराना हमारी प्राथमिकता है करीब 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने के अनुमान के तहत पुलिस ने सभी तैयारियां कर रखी है। मंदिर परिसर से लेकर सभी मुख्य मार्गों व चौराहे पर हमारा फोर्स तैनात है जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस ने शटल सेवा की व्यवस्था की है। कैंची धाम मंदिर को जाने वाले सभी रास्तों वा मुख्य चौराहों पर जगह जगह पुलिस प्रशासन भारी संख्या में फोर्स के साथ तैनात रहा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरियर लगाकर शटल सेवा का सख्ती से पालन कराया और एलाउंसमेंट कर सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की।

**भाजपा शासन में महिलायें...** उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि आज देश के साथ ही प्रदेश में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ अपराध तेजी के साथ बढ़ रहे हैं चिंता की बात है। भाजपा सरकार में महिलाओं का सुरक्षित जीवन यापन भी मुश्किल हो गया है। आये दिन महिलाओं व बालिकाओं के दुराचार तथा उनकी हत्या किये जाने की घटनाओं ने लोगों को झकझोर दिया है। श्रीमति रौतेला ने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा देने में भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। जिसके खिलाफ सभी महिलाओं को एकजुट होकर आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नौकरियों के साथ ही जनप्रतिनिधित्व में तीस प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। विशेषकर लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं की उपेक्षा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि सभी महिलाएं चाहें तो कांग्रेस को केन्द्र तथा प्रदेश में सत्ता की बागडोर मिलने में कोई नहीं रोक सकता है। सरकार में जितनी ज्यादा महिला जनप्रतिनिधि होंगी भ्रष्टाचार उतना ही कम होगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अभी से ही आगामी निकाय तथा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनायेगी सभी मिलकर उसे भारी मतों से विजयी बनायें। इसके लिए भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, पेंशन, खाद्यान्न, राशन कार्ड आदि मुद्दों को जनता के बीच ले जायें। सरकार की बागडोर कांग्रेस के हाथ सोंपने का आग्रह करें। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को मीना शर्मा, अलका पाल, सुनीता कश्यप, रेखा सोनकर, लक्ष्मी राय, मोनिका ढ़ाली सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस मौके पर किरन जैन, नसरीन कुरेशी, सपना गिल, चन्द्रा जोशी, पुष्पलता तिवारी, करिश्मा गहलौत,मालती मौर्य, इन्द्रा वती, प्रीती साना, मंजू जैन, सावित्री यादव, मध सिकन्दर, नेहा राय, सोनू शर्मा, सरोज शर्मा, मेसर, वकुल साना, मीना ढ़ाली, सपना वासु, देवकी देवी, जुबेदा बेगम, सुनीता सैनी, पूनम गुप्ता, सायरा बानो, इल्मा समरीन, राखी जोशी, सर्वजीत कौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थीं।

**पुरोला छावनी में..**लिए अड़े हुए हैं। उपजिलाधिकारी सभी को समझाने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन लोग यहां नारेबाजी करने लगे। एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स के सदस्य अधिवक्ता शाहरुख आलम ने बुधवार को पुरोला में हिंदुवादी संगठनों की महापंचायत व संप्रदाय विशेष के लोगों को 15 जून तक शहर छोड़ने के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता को पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट पर भरोसा करना चाहिए। पीठ ने कहा, हाईकोर्ट पर अविश्वास क्यों? उनका भी अधिकार क्षेत्र है। आपको कुछ भरोसा होना चाहिए। यह शॉर्ट सर्किटिंग क्यों? हम मेरिट या कारण पर नहीं हैं। आप प्रशासन पर अविश्वास क्यों करते हैं?' जिसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली।

**लकड़ी का गोदाम...**उन्हें सूचना मिली कि गोदाम में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही वह परिजनों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। मामले की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही दमकल के चार वाहन मौके पर आ पहुंचे। करीब चार घंटे की मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया जा सका। प्रतिष्ठान स्वामी जगदीश कालड़ा ने बताया कि अग्निकाण्ड की इस घटना में उन्हें करीब 25 लाख रूपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया इस घटना में प्रतिष्ठान में रखी लाखों रूपये कीमत की लकड़ी के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, एलईडी, 10 मोटर, एक मोटर साईकिल, इन्वर्टर, इलैक्ट्रिक कांटा, जनरेटर, कटिंग मशीन, कूलर, अलमारी सहित अन्य सामान जल कर राख हो गया। सुबह अग्निकाण्ड की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित व्यापारी को ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित व्यापारी को सरकार से हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

**मुआवजे के लिये...**रंजीत और हेल्पर पर हमला कर दिया। और डंपर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आये एक कार चालक को भी लोगों ने पीट दिया और उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर पलट दिया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस दौरान कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के साथ भी धक्का मुक्की हुयी। पुलिस ने बमुश्किल भीड़ को शांत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आज पोस्टमार्टम के बाद युवक के परिजन समेत तमाम लोग कोतवाली पहुंच गये और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। लोगों का कहना था कि मृतक अपने परिवार का अकेला सहारा था। उस पर घर चलाने के साथ ही चार बहनों की जिम्मेदारी भी थी। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को बीस लाख मुआवजा देने की मांग की। समाचार लिखने तक प्रदर्शन जारी था। इस दौरान सीओ ओपी शर्मा, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार प्रदर्शनकारियों को समझाने का लगातार प्रयास करते रहे।

**दिनदहाड़े हुई लूट....**बलपूर्वक गले में पहनी सोने की चेन व हाथ में पकड़ा पर्स लूट लिया और मौके से फरार हो गए। 14 जून को लूट की शिकार महिला के पुत्र विनीत कुमार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस को जैसे ही सनसनीखेज वारदात का पता चला वह तत्काल एक्शन में आ गई। एसएसपी के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद मुखबिरों को लुटेरों के पीछे लगा दिया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने ढेला पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर तीन संदिग्ध लोगों को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में तीनों ने अपना नाम मोहल्ला कानूनगोयान काशीपुर निवासी शिवम वर्मा, सागर वर्मा व सत्यम वर्मा पुत्रगंण सतीश वर्मा बताया। तीनों के कब्जे से पुलिस को एक तोला सोने की चेन तथा लूटा गया पर्स बरामद हुआ। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों के खिलाफ पूर्व में भी दो संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस के अधिकारियों ने यह भी बताया कि पकड़े गए लुटेरों की अभी और कुंडली खंगाली जा रही है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000